हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 2 फरवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

08 संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर निकला...



09 सिरोंज के वरिष्ठ जनसंघी पूर्व विधायक...



## खबर संक्षेप

### राजकीय सम्मान के साथ 27वां देहदान

**विदिशा।** आज्ञाराम कॉलोनी गांधी नगर निवासी स्व. राजाराम पवार का देहदान रविवार को राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। विकास पचौरी फाउंडेशन के देहदान जागरूकता मिशन के अंतर्गत उनका पार्थिव शरीर अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज को सौंपा गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा तिरंगा अर्पित कर पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वर्ष 2019 में स्व. पवार एवं उनकी पत्नी ने देहदान का संकल्प लिया था। यह मेडिकल कॉलेज में फाउंडेशन के सहयोग से किया गया 27वां देहदान है, जो चिकित्सा शिक्षा और मानव सेवा के लिए प्रेरणास्रोत बना।

### जनसंघ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**विदिशा।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल स्मृति समिति विदिशा द्वारा जनसंघ के वरिष्ठ एवं सम्माननीय कार्यकर्ताओं का घर-घर जाकर गरिमामय सम्मान किया गया। इस अभियान का उद्देश्य संगठन निर्माण, वैचारिक संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना रहा। राघव जी भाई, पूर्व विधायक राधारमण भार्गव सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को शाल, श्रीफल व सम्मान पत्र भेंट कर आशीर्वाद लिया गया। इस अवसर पर अटल जी के विचारों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

### रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया

**ग्यारसपुर।** अहिरवार समाज संघ के नेतृत्व में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरु रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन, उनके सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि गुरु रविदास जी का जीवन आज के समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके विचारों को अपनाकर ही समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सकता है।

### बिछिया में बीपीएल सीजन-2 का आगाज

**शमशाबाद।** आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने वाली बिछिया प्रीमियर लीग (बीपीएल) सीजन-2 का आयोजन आगामी 4 से 13 फरवरी तक बिछिया ग्राउंड में किया जाएगा। इस रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट में विधानसभा क्षेत्र की 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 फरवरी को होगा, जबकि फाइनल मुकाबला व समापन समारोह 13 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 41 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार तृतीय पुरस्कार उत्तम सिंह मीणा जनपद सदस्य द्वारा 11 हजार रुपए नकद दिया जाएगा। मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को 32 इंच की एलसीडी टीवी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।

### पीएमश्री बरवाई में वार्षिक उत्सव मना

**कुरवाई।** बरवाई स्थित पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम आरंभ किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीतों, देशभक्ति गीतों एवं भजनों पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि, विनोद जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमल सिंह बागड़ी उपस्थित रहे।

## सख्तीः सड़क पर प्रसव मामले में सख्त कार्रवाई, लापरवाह अमले पर गिरी गाज

पठारी क्षेत्र के ग्राम छपारा टपरा में सड़क पर हुई थी महिला की डिलीवरी

# लापरवाही पर जननी वाहन के चालक और आशा कार्यकर्ताओं की सेवाएं खत्म, बीएमओ को नोटिस

**पठारी तहसील के ग्राम छपरा टपरा में 29 जनवरी को सड़क पर डिलीवरी के मामले में कार्रवाई की गई है। लापरवाही करने पर जननी वाहन के चालक और आशा कार्यकर्ता की सेवाएं समाप्त की गई हैं वहीं बीएमओ को नोटिस जारी किया गया है।**

सड़क पर डिलीवरी के बाद स्वास्थ्य मेहकमे में मचा हड़कंप कर्मचारियों पर सख्ती कर रहे अफसर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पठारी क्षेत्र के ग्राम छपारा-टपरा में 29 जनवरी को गर्भवती महिला का मार्ग में प्रसव होने के प्रकरण को कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गंभीरता से लिया है। जांच में लापरवाही सामने आने के बाद संबंधित स्वास्थ्य अमले एवं अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर गुप्ता के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार द्वारा जननी एक्सप्रेस वाहन चालक की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। साथ ही संबंधित जननी वाहन के जनवरी माह के भुगतान में कटौती के लिए एमडी, एनएचएम को पत्र भेजा गया है। इसके अलावा जननी एक्सप्रेस एवं 108 एंबुलेंस सेवा के जिला समन्वयक तवरेज खान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई के लिए एमडी एनएचएम को प्रस्ताव भेजा गया है। ग्राम छापारा-टापरा में पदस्थ आशा कार्यकर्ता रामवती चिढ़ार एवं गीता अहिरवार की सेवाएं भी तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। वहीं पठारी स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ सीएचओ रीना इनवे तथा संविदा एएनएम संध्या वर्मा की वार्षिक वेतन वृद्धि दो वर्ष तक रोकने का प्रस्ताव भेजा गया है। पर्यवेक्षणीय जिम्मेदारी के तहत बीएमओ कुरवाई डॉ. प्रमोद दीवान को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जननी एक्सप्रेस एवं 108 एंबुलेंस सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से जिले में दो नए समन्वयक शिवम खरे और श्रीकांत की नियुक्ति की गई है, जो 2 फरवरी से कार्यभार संभालेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कलेक्टर ने दिखाई सख्ती तो सीएमएचओ ने लटेरी क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक लेकर दिए निर्देश



कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में विकासखंड सिरोंज एवं लटेरी में एएनएम, सीएचओ, आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ताओं की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुनीत महेश्वरी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. समीर किरार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सुरक्षित एवं संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। तय किया गया कि ग्राम स्तर पर होने वाले सभी प्रसवों की जानकारी नियमित रूप से साझा की जाएगी, जिससे मातृ–शिशु स्वास्थ्य की सतत निगरानी हो सके। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को समय पर बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराने पर विशेष जोर दिया गया। शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु गृह आधारित नवजात देखभाल के सभी भ्रमण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने और आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

## माधवगंज पर कार्यकर्ताओं ने स्क्रीन पर देखा लाइव बजट



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में देश का आम बजट पेश किया। इस बजट का सीधा प्रसारण देशभर में देखा गया।

माधवगंज चौराहे पर भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर आमजन के लिए बजट का सीधा प्रसारण आयोजित किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विदिशा विधायक मुकेश टंडन, मंडल अध्यक्ष, पार्षद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। सभी उपस्थित लोगों ने संसद में पेश हो रहे बजट को ध्यानपूर्वक देखा। विधायक मुकेश टंडन ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह विकास, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग को समर्पित है। उन्होंने इसे देश को नई दिशा देने वाला बजट बताया।

### डॉक्टरों की कार हादसे का शिकार, एक की मौत

**विदिशा।** बीती देर रात करीब 3 बजे सांची थाना क्षेत्र में विदिशा मेडिकल कॉलेज से जुड़े डॉक्टरों की कार भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में नरसिंहगढ़ निवासी डॉक्टर हर्ष माहेश्वरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार तीन अन्य डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में एक प्रोफेसर और तीन सीनियर रेजिडेंट सवार थे। मृतक डॉ. हर्ष माहेश्वरी एसआर अर्थोपैडिक मेडिकल कॉलेज आर्थोपेडिक विभाग में कार्यरत हैं। मृतक डॉक्टर हर्ष माहेश्वरी ने करीब 2 से 3 माह पूर्व ही विदिशा मेडिकल कॉलेज में ज्वाइन किया था। बताया जा रहा है कि वाहन स्वयं डॉ. हर्ष माहेश्वरी चला रहे थे। हादसे में घायल डॉक्टरों में डॉ. आशीष, डॉ. विनय और डॉ. संजुल बंसल शामिल हैं।

## 6 हजार बच्चों को पिलाई स्वर्ण प्राशन औषधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आचार्य विद्यासागर महाराज के दूसरे समाधि दिवस के अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज ने एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान, स्वर्णप्राशन संस्कार का दूसरा चरण स्टेशन जैन मंदिर परिसर के बाहर आयोजित किया गया। देर शाम तक लगभग 6 हजार बच्चों को निःशुल्क स्वर्णप्राशन आयुर्वेदिक औषधि पिलाई गई।



इस अभियान का पहला चरण 8 जनवरी को आयोजित किया गया था, जिसमें जिला प्रशासन के सहयोग से जिले के स्कूलों और आंगनबाड़ियों के माध्यम से 50 हजार 600 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया था। यह आयुर्वेदिक औषधि 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर दी जाती है। निर्यापक श्रवण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने स्वर्णप्राशन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों की भूमि है और आयुर्वेद भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मुनिश्री के अनुसार स्वर्ण प्राशन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, स्मरण शक्ति तेज होती है और शारीरिक व मानसिक विकास बेहतर होता है। सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने बताया कि समाज का उद्देश्य आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को घर-घर तक पहुंचाना है। इसका लक्ष्य आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और सशक्त बनाना है।

## रघुवंशी समाज के कार्यक्रम में संस्कार की दिखी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहनाई गार्डन में रविवार को रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं करियर काउंसलिंग शिविर ने संस्कार, संस्कृति, संगठन और संघर्ष के चार मजबूत स्तंभों पर खड़े एक ऐतिहासिक सामाजिक आयोजन का स्वरूप लिया।




सम्मेलन में करीब 2 हजार से अधिक सहभागियों की उपस्थिति ने समाज की एकता और संगठन शक्ति को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अयोध्या से पधारे संत रामकिशोर दास महाराज सहित समाज के संतों, जनप्रतिनिधियों, न्यायपालिका, प्रशासनिक अधिकारियों एवं संगठन पदाधिकारियों द्वारा भगवान सीताराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। संतों ने संस्कार और मर्यादा का मार्ग बताया, वहीं जज, विधायक, डॉक्टर और इंजीनियरों ने शिक्षा, अनुशासन और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया।सम्मेलन का सबसे सशक्त पक्ष मंच से युवक-युवतियों का आत्मविश्वासपूर्ण परिचय रहा। डॉक्टर, इंजीनियर, छात्र-छात्राएं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं ने बिना झिझक अपने विचार रखे। विशेष रूप से युवतियों की सक्रिय भागीदारी ने आत्मनिर्भर भविष्य की स्पष्ट झलक दिखाई। डीएसपी पद पर चयनित आरती रघुवंशी और असिस्टेंट कमिश्नर आकाश रघुवंशी ने अपने संघर्ष और सफलता के अनुभव साझा कर युवाओं को निरंतर मेहनत और विनम्रता का संदेश दिया। करियर काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों ने युवाओं को सही दिशा दी।

## लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया



**विदिशा।** रविवार रात रामलीला मंच पर लक्ष्मण शक्ति प्रसंग और संजीवनी बूटी लाने का दृश्य अत्यंत भव्य एवं रोमांचक रूप में प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान राम–रावण युद्ध का सजीव चित्रण किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। कथा के अनुसार मेघनाद के शक्तिबाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं, जिससे भगवान श्रीराम अत्यंत व्याकुल हो उठते हैं। वैद्य सुषेण के परामर्श पर हनुमान जी संजीवनी बूटी लाने हिमालय की ओर प्रस्थान करते हैं। हनुमान जी द्वारा पूरा पर्वत उठाकर लाने का दृश्य आधुनिक प्रकाश और ध्वनि प्रभावों के साथ मंचन का केंद्र बिंदु रहा। लक्ष्मण को संजीवनी मिलते ही पूरा रामलीला मैदान "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा। दर्शकों ने कलाकारों के सशक्त अभिनय की सराहना की। रामलीला समिति ने बताया कि आगामी दिनों में राम–रावण युद्ध और रावण वध का भव्य मंचन किया जाएगा। हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## विदिशा की बेटी इशिका मीणा शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप में दिखाएंगी दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



खेल के मैदान से विदिशा जिले के लिए एक गौरवशाली खबर सामने आई है। स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई गर्ल्स स्कूल की होनहार खिलाड़ी कु. इशिका मीणा का चयन शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप' के लिए भारतीय टीम में हुआ है। विदिशा निवासी इशिका मध्य प्रदेश से मात्र एक खिलाड़ी हैं जिसका चयन बर्ल्ड कप के लिए हुआ हैं। वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्य 'अटैकर' की भूमिका में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। 18 देशों के बीच होगी कड़ी टक्करयह विश्व कप 1 फरवरी से 3 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में विश्व के 18 देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

इशिका की इस सफलता के पीछे शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं कोच जितेंद्र सिंह बघेल का कुशल मार्गदर्शन रहा है। इशिका ने न केवल खेल में बल्कि शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बीपीईएस स्नातक होने के बाद वर्तमान में वे बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से बीपीएड (बीपीईएस) की पढ़ाई कर रही हैं। उनके नाम पहले ही 6 नेशनल (सीनियर, जूनियर व सब-जूनियर) खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है।स्कूल और क्षेत्र में खुशी की लहरः वी टीच स्कूल प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इशिका ने न केवल एक खिलाड़ी के रूप में विद्यालय के बच्चों को प्रेरित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, खेल प्रेमियों पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव समस्त क्षेत्रवासियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्र के लिए स्वर्ण पदक जीतने की शुभकामनाएं दी हैं।

## गरीब, किसान व गांव की उपेक्षा का बजटः जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए आम बजट को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि यह बजट गरीब किसान और गांव में रहने वाले लोगों की समझ से बाहर है।

यह बजट न तो गरीब का पेट भर सकता है और न ही युवाओं को रोजगार दे सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट केवल सपने दिखाने वाला है, जबकि जमीनी हकीकत से इसका कोई लेना-देना नहीं है।मोहित रघुवंशी ने कहा कि पहली बार ऐसा बजट आया है जिसमें किसान का नाम तक नहीं लिया गया। न सिंचाई की बात हुई, न खाद, न खेतिहर मजदूर और न ही खेती से जुड़ी किसी ठोस योजना का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि इससे साफ हो गया है कि गांव, किसान और खेती अब सरकार की प्राथमिकताओं से बाहर हैं। न एमएसपी, न गेहूं-चावल, न मनरेगा और न ही ग्रामीण रोजगार पर कोई चर्चा की गई है।

जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बजट को पिछले 12 वर्षों का सबसे खोखला बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट की घोषणा के बाद शेयर बाजार का गिरना सरकार की विफलता को दर्शाता है। बजट में महंगाई कम करने और रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस रोडमैप नहीं है।

### सर्व ब्राह्मण समाज की जिला बैठक का आयोजन किया गया

# ब्राह्मण समाज को संगठित करने निकालेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

चिरोल स्थित श्री मां हिंगलाज देवी चिरोल वाली माता मंदिर परिसर में आज विदिशा जिले के सर्व ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता पं. विष्णु शंकर शास्त्री ने की। इस बैठक का आयोजन पं. दीपक तिवारी एवं पं. मानवेंद्र शर्मा द्वारा संपूर्ण जिले के ब्राह्मण समाज को आमंत्रित कर किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए पं. दीपक तिवारी ने बताया कि जिले भर में ब्राह्मण समाज को संगठित करने के उद्देश्य से तहसील स्तर पर पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा पं. दीपक तिवारी एवं पं. मानवेंद्र शर्मा अपनी टीम के साथ करेंगे। पदयात्रा के माध्यम से जिले में ब्राह्मण समाज की जनसंख्या, महिला-पुरुष संख्या, विवाह योग्य युवक-युवतियों, रोजगार, शिक्षा, आर्थिक स्थिति, नशा मुक्ति एवं सामाजिक स्थिति का विस्तृत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।पदयात्रा के दौरान स्वच्छता, नशा मुक्ति, सनातन धर्म की मजबूती, मंदिरों में पूजा-पाठ, संस्कार संस्कृति, गौ-रक्षा, समाज में आपसी सहयोग, उपवर्ग समाप्त कर एकता, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं शिक्षा से वंचितों को जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया जाएगा।बैठक में लगभग 40 विप्र बंधुओं ने अपने विचार रखे, जिनमें प्रमुख रूप से पंडित प्रतापभान शर्मा, पंडित गिरधर शास्त्री, पंडित विनय पांडे, पंडित राकेश शर्मा, पंडित संजय पुरोहित, पंडित विनोद शास्त्री, पंडित रवि कृष्ण आचार्य सहित अनेक विद्वान उपस्थित रहे। जिले भर से लगभग 200 विप्र बंधुओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन पंडित मनोज शर्मा शास्त्री ने किया एवं आभार प्रदर्शन पंडित मानवेंद्र शर्मा ने किया।



## शमशाबाद विधानसभा में 8 ग्राम पंचायतों को प्राथमिक शाला भवनों की मिली सौगात

**शमशाबाद।** नटेरन जनपद पंचायत अंतर्गत 8 ग्राम पंचायतों में प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। प्रत्येक भवन के लिए 18.25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इन स्वीकृतियों पर विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, जिससे ग्रामीण अंचलों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत होने पर दी विदाई



**गंजबासौदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्योंदा में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता एएनएम के पद पर पदस्थ कमला बरखड़े और किरण मिश्रा के अपने कार्यकाल से सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय सहित आसपास क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह में सेवानिवृत्त कमला बरखड़े का फूल मालाओं से स्वागत व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ अधिकारी कर्मचारियों ने उनके सेवा कार्यकाल की सराहना की। विदाई समारोह के दौरान एएनएम के आंखों से आंसू छलक उठे और कहा कि स्टाफ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ किए कार्यों व बिताए हुए समय को कभी नहीं भूल सकेंगे। इस अवसर पर स्थानीय अधिकारी स्टाफ नर्स व स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### परिचर्चा में शामिल हुए पुलिस कप्तान



**गंजबासौदा।** पत्रकार संगठन असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट्स की गंज बासौदा ईकाई द्वारा रविवार को आचार्य विद्यासागर गौशाला में समाज हित में पत्रकार एवं पुलिस की भूमिका विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन रखा गया। उक्त परिचर्चा में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे, एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव सहित नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार सम्मिलित हुए। परिचर्चा में एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों से अपील की कि सबसे तेज अथवा ब्रेकिंग खबर बनाने की अपेक्षा, खबर की नियत एवं तथ्यों पर जोर दिया जाना अति आवश्यक है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने कहा कि भारत की पत्रकारिता बहुत मजबूत है, इसी के बलबूते पर भारत एक मजबूत राष्ट्र बना है। समाज में अच्छा या बुरा क्या घट रहा है, इसकी जानकारी हमें पत्रकारिता के माध्यम से ही लगती है। डॉक्टर चौबे ने कहा कि पुलिस एवं पत्रकार दोनों को समाज में पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखकर अपना दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। हमारे कार्यों से समाज के पीड़ित पक्ष को न्याय मिले ऐसा हम सब का प्रयास होना चाहिए।

# अस्पताल में सुरक्षाकर्मी के साथ हुई जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर के शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल में प्रभारी बदले जाने के बाद लगातार विवाद और हिंसक घटनाएं सामने आ रही हैं। अब तक तीन गंभीर मामले उजागर हो चुके हैं, जिससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ताज़ा मामला अस्पताल परिसर में तैनात एक सुरक्षा गार्ड के साथ हुई बर्बर मारपीट का है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोगों के साथ हुए विवाद के दौरान सुरक्षा गार्ड पर नुकीले हथियार से हमला किया गया जिसमें सुरक्षा गार्ड का कान काट दिया गया। घटना में गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रण में लिया। घायल गार्ड को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है हमलावरों की पहचान की जा रही है। सूत्रों का आरोप है कि वर्तमान प्रभारी द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते अस्पताल में अव्यवस्था बढ़ती जा रही है और ऐसी घटनाएं बार बार सामने आ रही हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों और अस्पताल कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

यहां उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व गत दिवस भाजपा की नगर मंडल महामंत्री रजनी रैकवार और उनके पति पिछडा वर्ग मोर्चा महामंत्री अनिल रैकवार के साथ भी चिकित्सक द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया था। इस मामले में पीडित पक्ष ने विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित अस्पताल प्रभारी, एसडीएम और देहात थाना में भी शिकायत की है।

# अड़ीबाजी व मारपीट करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र में अड़ीबाजी कर मारपीट की घटना में संलिप्त 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रभावी कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार फरियादी अरविंद गुप्ता उम्र 48 वर्ष निवासी बरेठ रोड एवं ओमप्रकाश लोधी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी त्रिलोक दांगी, राहुल मालवीय, विक्रम रघुवंशी, इंदल गुर्जर एवं शुभम जैन द्वारा अड़ीबाजी कर गंदी-गंदी गालियां देने एवं मारपीट कर चोट पहुंचाने की शिकायत दर्ज की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296(b), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस तथा इजाफा धारा 119(1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को आदतन अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंजबासौदा शहर निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। इस टीम ने पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश-पतारसी कर त्रिलोक दांगी उम्र 29 वर्ष, निवासी ड्रीम सिटी , राहुल मालवीय उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम मढ़देवरा, विक्रम रघुवंशी उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम छिपनी, इंदल गुर्जर उम्र 27 वर्ष निवासी सिलारपुर, शुभम जैन उम्र 31 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 23 को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, उपनिरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक शिवभान भदौरिया तथा आरक्षक अरुण छारी, अभिषेक शुक्ला, उरजन सिंह, राहुल शर्मा, सतीश तिवारी एवं देवेंद्र उचारिया की विशेष भूमिका रही।

## चल समारोह में झांकी रही आकर्षण का केन्द्र, शाम को मंदिर में हुई भजन संध्या

# संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर नगर में भव्य एवं विशाल चल समारोह निकाला गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले चल समारोह का कई जगह स्वागत किया गया। चल समारोह का समापन वार्ड क्रमांक 4 स्थित संत रविदास मंदिर में किया गया। जहां समापन के बाद प्रसादी वितरण हुआ और शाम को भजन संध्या आयोजित हुई।

यहां उल्लेखनीय है कि संत श्री की जयंती नगर में उनके अनुयायियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिवर्ष पूरे उत्साह के साथ मनाई जाती है। इस वर्ष भी आयोजन समिति ने संत श्री की जयंती मनाने के लिए पूर्व से ही तैयारियां आरंभ कर दी थीं और मंदिर की आकर्षक साज सज्जा की गई थी।

रविवार को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सुबह मंदिर में संत श्री का विशेष श्रृंगार कर पूजन अर्चन की गई और उसके बाद नए बस स्टैंड परिसर स्थित आंबेडकर मांगलिक भवन से विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में सबसे आगे अश्वारूढ युवक हाथों में धर्मध्वज लिए चल रहे थे। उनके पीछे डीजे की धार्मिक धुनों पर नव युवा झूमते हुए चल रहे थे। चल समारोह में शामिल महिलाएं और युवतियां मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। चल समारोह में एक आकर्षक रथ पर संत श्री रविदास जी की आकर्षक झांकी सजाई गई थी। जो चल समारोह में सभी के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। चल समारोह में ढोल ताशे भी शामिल थे और लोग ढोल की धुनों पर भी झूमते हुए चल रहे थे।

नए बस स्टैंड से निकला चल समारोह बरेठ रोड, जयस्तंभ चौक होते हुए सिरोंज तिराहा पहुंचा। जहां से वापस जयस्तंभ चौक, त्योंदा रोड, मील रोड, रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, नेहरू चौक होते हुए आंबेडकर चौक पहुंचा। चल समारोह का जगह जगह नागरिकों एवं संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया और संत श्री की आरती उतारी गई। आंबेडकर चौक पहुंचे चल समारोह का वार्ड क्रमांक 4 रविदास कॉलोनी में स्थित मंदिर में विधिवत समापन किया गया। जहां समापन के बाद प्रसादी वितरण किया गया। इसके बाद शाम को मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुतियों पर लोग झूमते रहे। भजन संध्या का आयोजन देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर बडी संख्या में संत श्री के अनुयायी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पंचतत्व ने विचरते पशुओं के लिए जलपात्र रखे




**गंज बासौदा।** पंचतत्व संरक्षण समिति ने पक्षी चेतना अभियान के तहत नए बस स्टैंड पर विचरते पशुओं के लिए सीमेंट की एक बड़ी टंकी रखी। टंकी पंचतत्व के वरिष्ठ सदस्य रवि शंकर गौड़ के सौजन्य से रखवाई गई, जिसे भरने की जिम्मेदारी बस स्टैंड के दुकानदार संजू रघुवंशी ने ली। पंचतत्व कई वर्षों से यह कार्य निरंतर करते आ रही है। इस अवसर पर पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी सदस्य देवेंद्र यादव, विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, प्रमोद सिंह राजपूत, विशाल सिकरवार उपस्थित थे। यहां उल्लेखनीय है कि पंचतत्व द्वारा पक्षी चेतना अभियान के तहत प्रतिवर्ष विशेषकर गर्मियों में मवेशियों के लिए सीमेंट की पानी की टंकियां रखवाई जाती हैं। साथ ही पक्षियों के लिए जलपात्र एवं दाने के लिए सकोरे वितरित किए जाते हैं।

### खुल गया रास्ता.....



गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण के बाद बंद हुई गली को पिछले दिनों रेल प्रशासन ने फिर से खोल दिया है, जिससे लोगों को काफी राहत मिल गई है।

## विश्वकर्मा फाउंडेशन ने 105 वर्षीय रूकमणि देवी का किया सम्मान



**गंजबासौदा।** विश्वकर्मा यूथ फाउंडेशन गंज बासौदा द्वारा माघ शुक्ल त्रियोदशी पर भगवान श्री विश्वकर्मा जी का प्राकट्य जन्मोत्सव पूजन आरती कर मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के कलाकारों द्वारा विश्वकर्मा जी की महिमा का वर्णन, शास्त्रीय काव्यपाठ, सांस्कृतिक भजन प्रस्तुति दी गई। हितकारिणी धर्मशाला में आयोजित श्री विश्वकर्मा प्रभु के प्रकाट्य जन्मोत्सव कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जन, महिला वर्ग, युवा वर्ग, नन्हे मुन्ने बच्चो ने बड़े ही उत्साह आनंद के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर फाउंडेशन के द्वारा वार्ड क्रमांक 3 नानाजी वाली गली निवासी स्वर्गीय कन्हैया लाल जी विश्वकर्मा किरवाया वालों की धर्म पत्नी 105 वर्षीय रुकमणी देवी का विश्वकर्मा समाज में वृद्ध मातृ के रूप में शाल श्रीफल मालाओं से सम्मान किया गया।

## शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 649 वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



रविवार को शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जी की 649 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संत परंपरा में संत शिरोमणि रविदास जी का नाम केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं है, वे मानव चेतना, समानता और मानव गरिमा के विराट प्रतीक हैं। 15 वीं शताब्दी में जन्मे संत रविदास जी ने उस दौर में आवाज उठाई जब सामाजिक विभाजन गहराई तक बैठ चुका था। संत रविदास जी के बढ़ते प्रभाव से प्रभावित होकर दिल्ली के शासक सिकंदर लोदी ने उन्हें दरबार में बुलवाया और धर्म परिवर्तन करने का दबाव डाला गया। परंतु संत शिरोमणि अडिग रहे और उन्होंने कहा वेद धर्म त्यागू नहीं जो गले चले कटार उन्होंने शांत भाव से कहा कि सच्ची भक्ति हृदय से होती है उसे डर या लालच से बदला नहीं जा सकता। संत रविदास जी के मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश यह बताता है की पवित्रता स्थान में नहीं मन में होती है। युवाओं के लिए उनका यह जीवन दर्शन आज भी प्रेरणा स्त्रोत है। कर्म करते रहो फल अवश्य मिलेगा। डॉक्टर एके रोहले ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र जैन, राजेश जैन, टीपू सोलंकी, कैलाश नेमा सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

## श्रमदान दल का साप्ताहिक श्रमदान अभियान का 17 वां चरण संपन्न

# हम नदी को मां मानते हैं और उसे ही कूड़ादान बना दिया





aहरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सभ्यता की जननी कही जाने वाली नदियों को भारतीय संस्कृति में, जहाँ 'माँ' कहकर पूजा जाता है, वहाँ उनकी वर्तमान स्थिति हृदयविदारक है। साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत संपन्न हुआ 17 वाँ चरण का नदी स्वच्छता कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो एक छोटा सा प्रयास जनआंदोलन का रूप ले सकता है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या कुछ हाथों का श्रमदान पूरी सभ्यता की लापरवाही को ढंक पाएगा? आज नदियों के प्रति समाज की उदासीनता एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

आज समाज नदियों के प्रति एक अजीबोगरीब 'दोहरे मापदंड' के साथ जी रहा है। एक ओर हम नदियों के जल से आचमन करते हैं, उन्हें 'पापनाशिनी' कहते हैं, और दूसरी ओर उसी जल में प्लास्टिक, रासायनिक अपशिष्ट और पूजन सामग्री प्रवाहित करने में संकोच नहीं करते। आज धार्मिक कट्टरता स्वच्छता का सबसे बड़ा शत्रु बनती जा रही है। हम आस्था के नाम पर नदियों में ऐसी सामग्री डालते हैं जो जल को विषाक्त करती है। यही कारण है कि अब 'श्रद्धा' और 'जिम्मेदारी' के बीच का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। साथ ही साथ समाज के एक बड़े वर्ग ने मान लिया है कि नदियों को साफ रखना केवल सरकार या नगर पालिकाओं का काम है। हम भूल गए हैं कि नदी हमारी 'साझा विरासत' है। हालांकि समाज के साथ साथ सरकारी तंत्र भी नदियों की दुर्दशा के लिए बराबरी से जिम्मेदार है।

शहरों का गंदा नाला हो या औद्योगिक कचरा, नदियों को हमने 'कूड़ेदान' समझ लिया है। यदि नदियों के प्रति हमारी यह बेरुखी ऐसे ही जारी रही, तो इसके परिणाम केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि मानव अस्तित्व पर संकट खड़ा कर देंगे। प्रदूषित नदियाँ पीने योग्य जल के स्त्रोतों को खत्म कर रही हैं। भूजल स्तर भी इससे प्रभावित हो रहा है।

दूषित जल से हैजा, टाइफाइड और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ महामारी का रूप ले रही हैं। जल में रहने वाले जीव मर रहे हैं, जिससे पूरी खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो रही है। जैसा कि श्रमदान अभियान का संदेश है, यदि हम आज नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी को विरासत में केवल सूखी रेत और पछतावा ही मिलेगा। श्रमदान दल के साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0' ने यह सिद्ध कर दिया है कि परिवर्तन 'आदेश' से नहीं, बल्कि 'आचरण' से आता है। पिछले 4 वर्षों और निरंतर 16 सप्ताहों का यह सफर बताता है कि जब व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझता है, तो वह समाज को प्रेरित करता है।

नदी तट पर एकत्रित होने वाले श्रमदान दल के सदस्य केवल कचरा नहीं हटा रहे, बल्कि वे लोगों की चेतना से 'उदासीनता की काई' साफ कर रहे हैं। आज हर किसी को समझना होगा कि संकल्प से ही समाधान संभव है क्योंकि नदी पूजनीय तभी है, जब वह स्वच्छ और अविरल हो। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। प्लास्टिक मुक्त नदी तट और कचरा मुक्त जल ही हमारी आस्था की सच्ची कसौटी है। हर दिन यह संकल्प लें कि हम अपनी नदियों को मैला नहीं करेंगे। क्योंकि नदी बचेगी, तभी मानवता बचेगी।

## स्वयं सेविकाओं ने की साफ-सफाई,बनाई रंगोली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय गंजबासौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम गंज में 30 जनवरी से 5 फ़रवरी तक लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनामिका प्रजापति के सफल निर्देशन में और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमारी रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वितीय दिवस का प्रारंभ गाँव में प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा परियोजना कार्य में विद्यालय के बाहर के एरिया में सफाई की गई तथा काँटेदार वृक्षों को हटाया गया। साथ ही विद्यालय के बाहर बाउंड्री में पुताई कर सुंदर सुंदर पेंटिंग ,रंगोली बनायी गई। द्वितीय दिवस के बौद्धिक सत्र में एसएस के मैनेजर अंकिता शर्मा, द्वारिका टीआई रितु रायकवार ,वरिष्ठ समाजसेवी सुनील पिंगले ,डॉ अशोक रोहिले की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि सुनील पिंगलें ने छात्राओं को समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देशभक्ति अनुशासन और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए सतत प्रयासरत रहने का मार्गदर्शन दिया। डॉ . अशोक रोहिल ने छात्राओं को एन एस एस के माध्यम से अपने जीवन में कुछ सीखने और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। बौद्धिक सत्र के दौरान अंकिता शर्मा की टीम ने ग्रामीणों और स्वयंसेवकों को हैपेटाइटिस, सिफलिस और एचआईवी के बारे में जागरूक किया तथा निशुल्क जाँच कराईं। साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी सुनील पिंगले ने अपनी संस्था सद्गुरु जाँच केंद्र व डॉ अशोक रोहेले के साथ मिलकर स्वयं सेवकों, ग्रामीणों की नेत्र जाँच कर निशुल्क चश्मे प्रदान किए। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व छात्रा स्नेहा चौकसे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ निखिल शर्मा ,नेतराम की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आभार व्यक्त एनएस एस प्रभारी शिव कुमारी रघुवंशी द्वारा किया गया।

अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम संपन्न

# सिरोंज के वरिष्ठ जनसंघी पूर्व विधायक राधारमण व हरिशंकर रजत-पत्र से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जनसंघ के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर प्रमुख रूप सिरोंज के पूर्व विधायक एडवोकेट राधारमण भार्गव एंव जनसंघी व भाजपा के आधार स्तंभ हरिशंकर त्यागी का प्रदेश अटल स्मृति समिति के प्रमुख धीरज पटेरिया सहित समिति के सदस्य ने उनके निज निवासो पर पहुचकर रजत पत्र भेंट कर सम्मान किया। वही सिरोंज में वरिष्ठ जनसंघी व भारतीय जनता पार्टी के वटवृक्ष हरिशंकर त्यागी उस समय के जनसंघ के कार्यकर्ता है जब सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में गिने चुने कार्यकर्ता हुआ करते थे। लेकिन उस समय श्री त्यागी ने अपने परिश्रम व महनत से आज जो भारतीय जनता पार्टी का विशाल रूप देखा जा रहा वह सिरोंज विधानसभा में इनका भारी योगदान माना जाता है। श्री त्यागी ने जनसंघ व भाजपा के विभिन्न पदो पर रहकर कार्य किया है।

वही वह आज भी भाजपा के नीति-रीति को अपनाते आ रहें है। उनका पूरा परिवार भाजपा के लिए समर्पित भाव के कार्य करने में जुटा हुआ है। इन्हें के कदमों पर चलते हुए



इनके बडे पुत्र अधिवक्ता संघ सिरोंज के अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव संघ के कर्मठ कार्यकर्ता एडवोकेट कपिल त्यागी भी पार्टी के लिए समर्पित भाव से सेवा करते आ रहें है। वर्तमान में एडवोकेट कपिल त्यागी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न कार्यो में अपनी अहम भूमिका निभाते रहते है साथ ही उनकी धर्मपत्नि भावना त्यागी भी संघ के लिए अपनी सेवाएं देती नजर आती है।



### पूर्व विधायक भार्गव का किया सम्मान

अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जनसंघ के कार्यकर्ताओं के सम्मान के चलते विदिशा जिले के सिरोंज विधानसभा के पूर्व विधायक लोकतंत्र सेनानी एडवोकेट राधारमण भार्गव का प्रदेश अटल स्मृति समिति के प्रमुख धीरज पटेरिया ने समिति के सदस्यों के साथ सम्मान किया।

पूर्व विधायक एड राधारमण भार्गव जनसंघ के कार्यकर्ता व सिरोंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रहें। साथ ही नागरिक उन्हें सिरोंज व विदिशा जिले में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में जानते है। इसी माध्यम से जनसंघ व भाजपा में वह अपनी सेवाएं देते आए है। वह आज भी इस उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एंव भाजपा के कार्यो में रूची लेकर कार्य करते नजर आते है। उनकी इन भावनाओं को लेकर इनके बडें पुत्र राहुल भार्गव विदिशा जिले में अनाज तिलहन व्यापार के एक बडें व्यापारी है। वह भी हमेशा संघ व पार्टी के कार्यो में समर्पित भाव से अपना योगदान देते आ रहे हैं।

### भाजपा के संस्थापक दिग्गजों में से एक थे अटल बिहारी वाजपेयी

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट कपिल त्यागी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। भाजपा द्वारा पूरे वर्ष भर अटल स्मृति वर्ष के तहत सुशासन दिवस, दीपोत्सव, और सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से उनके राष्ट्र निर्माण व समावेशी विकास के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जा रहा है। उनके जीवन, आदर्शों सुशासन, राष्ट्रीय एकता और योगदान को घर-घर पहुँचाना और युवाओं को प्रेरित करना। भाजपा द्वारा देश भर में अटल स्मृति सम्मेलन, रक्तदान शिविर, और यादों का संकलन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षण और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने वाले एक कुशल राजनेता के रूप में उनकी विरासत को याद किया जा रहा है। अटल जी ने 47 वर्षों तक संसद सदस्य के रूप में सेवा की और वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक दिग्गजों में से एक थे।

उत्साह में खुशी से झूमीं महिला मोर्चा की बहनें

# बजट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला: श्वेता आंनद त्यागी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर महिला मोर्चा की बहनों में जबरदस्त उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। बजट में महिलाओं, मातृशक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं स्वरोज़गार को प्राथमिकता दिए जाने पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्वेता आनंद त्यागी ने कहा कि यह बजट महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रभावी प्रयास किया गया है। यह बजट प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को मजबूत करता है और इससे प्रदेश की बहनों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं के लिए आशा और विश्वास का बजट है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की बहनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और बजट का स्वागत किया।

# 'केंद्रीय बजट जनविरोधी, गरीब, किसान, मजदूर और बेरोजगारों को पूरी तरह निराश करने वाला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

केंद्र सरकार द्वारा रविवार को संसद में प्रस्तुत किए गए केंद्रीय बजट से देश की बहुसंख्यक आबादी के हितों के विपरीत है। यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, बेरोजगार युवाओं, छात्र-छात्राओं तथा वंचित वर्गों की अपेक्षाओं पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है। बजट में बड़े उद्योगपतियों, कॉरपोरेट वर्ग और निजी पूंजी को बढ़ावा देने की नीति साफ तौर पर दिखाई देती है। जबकि आम जनता को राहत देने वाले ठोस प्रावधानों का अभाव है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एडवोकेट सुभाष बोहत एवं पूर्व जिला पंचायत नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट सुभाषिनी बोहत



ने संयुक्त रूप से इस बजट की कड़ी निंदा करते हुए इसे जनविरोधी और देशविरोधी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में महंगाई पर नियंत्रण,बेरोजगारी कम करने, किसानों की आय बढ़ाने, मजदूरों की मजदूरी, मनरेगा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों पर सरकार पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि आज देश गंभीर बेरोजगारी संकट से गुजर रहा है। युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, किसान कर्ज और लागत से परेशान हैं, मजदूरों की आय घट रही है, लेकिन बजट में रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस योजना नहीं दिखाई देती। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए विशेष बजटीय प्रावधानों में भी कटौती और उपेक्षा साफ नजर आती है। नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि बजट में केवल उन राज्यों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं, जबकि अन्य राज्यों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी को यह समझना चाहिए कि भारत गरीब, किसान और मजदूरों का देश है।

# पांच दिवसीय कॅरियर मेले में दिए गुरुमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सांदीपनि विद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय करियर मेले का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों और करियर के चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण गुरुमंत्र दिए। इस अवसर पर टेक्नो ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव सैयद शफीक उद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित रहे एंव उनके साथ विशेषज्ञ टीम में अश्मिक जैन,पूजा दांगी,संजय यादव,शुभम द्विवेदी और स्वाति गुर्जर शामिल रहीं।

इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं को करियर के चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही छात्रों को एग्रीकल्चर,बी.टेक,बीबीए,बीएड के साथ मिलने वाली



सुविधाओं और छात्रवृत्ति से जुडी जानकारिया दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार ने की। वही वरिष्ठ शिक्षक सत्यनारायण शर्मा,संजीव माथुर,शान मियां,रिंकेश रघुवंशी,प्रभारी आशिया अंजुम,नीरज रघुवंशी सम्मालित रहें।

### बजट 2026-27 पर सांसद नवीन जैन ने कहा अर्थव्यवस्था में दूरदर्शी होगा



सिरोंज। बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद नवीन जैन ने इसे देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला, और दूरदर्शी बजट बताया है। सांसद नवीन जैन ने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे पर रिकॉर्ड निवेश, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए कौशल विकास, स्टार्टअप्स और नई तकनीक को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम हैं। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और किफायती दवाओं से जुड़े निर्णय आम जनता को सीधा लाभ देंगे। सांसद नवीन जैन ने कहा कि यह बजट किसान, मध्यम वर्ग और उद्यमियों की अपेक्षाओं को संतुलित तरीके से संबोधित करता है और ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को सशक्त बनाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 देश की विकास यात्रा को तेज करेगा और आने वाले वर्षों में भारत को वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएगा।

## खबर संक्षेप

### कमलेश तिवारी बने जिला शहर कांग्रेस के प्रवक्ता

**सागर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के उपरांत जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने घोषित कार्यकरणी में कमलेश तिवारी को जिला शहर कांग्रेस कमेटी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। कमलेश तिवारी ने अपनी नियुक्ति पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जो जवाबदारी मिली है उसका नीति संगत पालन करेंगे। कमलेश तिवारी इसके पूर्व में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव सहित कांग्रेस युवा कांग्रेस और एनएसयूआई में विभिन्न पदों पर रहे हैं।

### विश्वकर्मा मंदिर में अभिषेक कर मनाया प्राकट्योत्सव

**खुरई।** शनिवार को नगर में माघ सुदी त्रयोदशी के अवसर पर भगवान विश्वकर्मा का प्राकट्योत्सव मनाया। भूसा मंडी रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर में सुबह 9 बजे से अभिषेक, पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बारी-बारी से मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां दीं। वहीं महिलाओं ने मंगलगीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। हवन के बाद पूर्णाहुति की तथा भगवान विश्वकर्मा की आरती उतारी। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### संत रविदास जयंती पर चला व्यापक स्वच्छता अभियान

**खुरई।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के पावन अवसर को गरिमामय और व्यवस्थित रूप से मनाए जाने हेतु नगर के विभिन्न संत रविदास मंदिरों, स्मारकों एवं संबंधित परिसरों में विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्य चलाया गया, इस अभियान के अंतर्गत मंदिर परिसरों, मार्गों तथा आसपास के क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई करवाई गई,चूना लाइन, मार्ग सफाई, धुलाई कार्यों के साथ-साथ मंदिरों, प्रतिमाओं एवं परिसरों में आकर्षक साज-सज्जा, रंग-रोगन एवं लाइटिंग की व्यवस्था भी प्रमुखता से की गई।

### संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज की शोभा यात्रा का जिला शहर कांग्रेस ने किया स्वागत

सागर। संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज के 649वें प्रकाश पर्व पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के द्वारा कांग्रेस कार्यालय के पास निकाली जा रही विशाल शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं सद्गुरु रविदास जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सबकी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। जिला शहर कांग्रेस कार्यालय में संत रवीदास जी महाराज की जन्म जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शहर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज ने जो मन चंगा तो कसौटी पर गंगा का संदेश दिया था आज उसको जीवन में लोग आत्मसाध कर रहे हैं। उनके बताएं मार्गों पर चलने से ही देश परिवार और समाज का कल्याण संभव है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री रेखा चौधरी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमराज रजक, राजे, नरेंद्र मिश्रा, यादव, शरद पुरोहित, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, जितेंद्र रोहन, साजिद राइन रमा कांत यादव, नव नियुक्त प्रवक्ता कमलेश तिवारी, लक्ष्मी नारायण सोनकिया समीर खान, अलीम ताज्जु, जितेंद्र चौधरी, दीनदयाल तिवारी, पार्षद नीलोफर चमन अंसारी, साजिद राइन, महेश अहिरवार, कुंजीलाल लाडिया, हीरालाल चौधरी आदि मौजूद थे।

# पीएम श्री स्कूल पंढरपुर के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण में इतिहास को जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

पीएमश्री योजना के अंतर्गत, शास पीएमश्री हाईस्कूल पंढरपुर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट 2026 का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में कक्षा 9वीं और 10वीं के लगभग 80 छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण का पाठ

भ्रमण की शुरुआत रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से हुई। यहाँ विद्यार्थियों ने प्रकृति के करीब रहकर प्राकृतिक संपदाओं को करीब से देखा। वन विभाग के विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को वन्यजीव संरक्षण के महत्व और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।



टाइगर रिजर्व के पश्चात विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की संस्कारधानी, जबलपुर के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों और ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की भव्यता को देखा। जय स्तंभ और मदनमहल किला पहुँचकर छात्रों ने क्षेत्रीय इतिहास और प्राचीन स्थापत्य कला की जानकारी प्राप्त की। पुरातत्व विभाग द्वारा संचालित रानी दुर्गावती संग्रहालय में रखी गई प्राचीन प्रतिमाओं और ऐतिहासिक शिला लेखों ने विद्यार्थियों को प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराया। भ्रमण का समापन विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट के धुआँधार जलप्रपात और संगमरमरी चट्टानों के दर्शन के साथ हुआ।

### मार्गदर्शन और सहयोग

यह सफल शैक्षणिक भ्रमण संस्था के प्रभारी प्राचार्य मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त पदस्थ शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने प्रत्येक स्थल पर विद्यार्थियों को उनके ऐतिहासिक और शैक्षणिक महत्व के बारे में जानकारी दी।प्राचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों का न केवल बौद्धिक विकास होता है।

मनुष्य को भटकने से बचाता है सत्संग: प्रेमभूषण महाराज

# पूज्य श्री रावतपुरा सरकार के सानिध्य में प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न, दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में दर्शन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सत्संग तो अपने घर से ही प्रारंभ होना चाहिए। जैसे मां भगवती ने प्रश्न किया और भोले बाबा ने पूरी राम कथा सुना दी। सत्संग का अर्थ होता है सत्य का संग। जिस घर में सत्संग का प्रवेश हो जाता है सत्संग का वातावरण बन जाता है वह घर अपने आप मंदिर के रूप में परिवर्तित हो जाता है। सत्संग मनुष्य को भटकने से बचा लेता है। यह वचन सागर स्थित रुद्राक्ष धाम में निर्मित भव्य कथा मंडप में सप्त दिवसीय श्री राम कथा का गायन के दूसरे सत्र में पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए व्यक्त किए।

सरस श्रीराम कथा गायन के लिए लोक ख्याति प्राप्त प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक भूपेन्द्र सिंह के पावन संकल्प से आयोजित रामकथा गायन के क्रम में कहा कि जो आपके लिए सत्संग का अवसर पैदा कर दे, आपको कथा में पहुंचा दे आपको तीर्थ में जाने का अवसर प्रदान कर दे, उसका भरपूर आदर करना चाहिए। सत्संग का अवसर देने के लिए भोले बाबा ने मां भगवती की भी खूब प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा मनुष्य को सुखी जीवन के मार्ग और साधन प्रदान करती है। इस कलिकाल में राम कथा मनुष्य को पाप से बचाने के लिए कलमषी वृक्षों को काटने के लिए कुल्हाड़ी का कार्य करती है। कथा श्रवण करने वाला भटकने से बच जाता है और सत्कर्म में उसकी गति हो जाती है। मनुष्य अगर सत्संग और कथा में रहते हुए अपने सभी



सांसारिक दायित्वों का निर्वाह करें तो उनकी मति और गति अपने आप सत्कर्मों में होने लगती है।

महाराज श्री ने कहा कि भारत की पुण्य भूमि पर ही भगवान का अवतार होता रहा है। कभी अंशा अवतार तो कभी विशिष्ट अवतार और तो कभी पूर्णावतार के रूप में भगवान इस धरती पर आकर इस धरती को धन्य करते रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमने इस धरती पर जन्म लिया है। दुनिया के किसी भी देश में भारत के तरह बच्चों को महत्व नहीं मिल पाता है यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे भारतवर्ष के बच्चे ममता की छांव में पलते हैं। पूज्यश्री ने कहा कि भगवान को तर्क से नहीं जाना जा सकता है। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि निरंतर भजन में रहने वाले की कभी मृत्यु नहीं होती है। इसलिए सामान्य व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने जीवन के सभी क्रियाओं में संयुक्त रहते हुए भजन में भी प्रवृत्त हों। महाराज जी का सत्कर्म सोचने से नहीं होता है सत्कर्म के लिए सोचने वाले सोचते रह जाते हैं लेकिन करने वाला तुरंत उस कार्य को पूरा कर लेता है। जीवन में सफल होने का एक महत्वपूर्ण सूत्र यह भी है कि अगर हमारा सोचा हुआ कोई कार्य हो जाए तो उसे हरि कृपा माने और अगर ना हो तो उसे हरि इच्छा मान लें।

पूज्यश्री ने कहा कि मनुष्य अपने अर्थ और संपत्ति का उत्तराधिकारी तो बना जाता है लेकिन अपने परमार्थ पथ का उत्तराधिकारी कोई-कोई बना पाता है। प्रेमभूषण जी महाराज ने श्री राम कथा गायन के क्रम में श्री राम के मानव शरीर धारण करने के कारणों और प्राकट्य से जुड़े प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि अपने जीवन काल में ही हमें अपने परमार्थ पथ का उत्तराधिकारी तैयार करने की आवश्यकता है, तभी तो कई पीढ़ियों तक परमार्थ चलता रहता है। महाराज श्री ने कहा कि राम जी की भक्ति प्राप्त करने के लिए हमें शिव जी की कृपा प्राप्त करनी पड़ती है।

पूज्य श्री ने कहा कि जिस विषय का प्रबोधन ना हो उसे विषय में संबोधन नहीं करना चाहिए। उत्तर प्रदेश के एक राजनेता ने रामचरितमानस और तुलसी बाबा की बार-बार निंदा की और कई तरह के कुवचन कहे। जो बोया था आज काट रहे हैं। चारों तरफ थू-थू हो रही है। प्रकृति किसी को भी क्षमा नहीं करती है। सनातन धर्म और संस्कृति किसी एक व्यक्ति की बनाई हुई नहीं है। सबसे अधिक अत्याचार सनातन धर्म पर ही होते आए हैं फिर भी हमारे संस्कृति पूरे विश्व में अपना सर्वोच्च स्थान बनाये रखने में सक्षम है। जीवन में सदा सुखी रहने का सूत्र बताते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा कि जीवन में सुख और शांति चाहते हैं तो हमें भगवान की शरणागति के साथ ही साथ प्रेम और शांति का अनुसरण करना चाहिए। किसी को भी शांत कराया नहीं जा सकता है। शांत केवल खुद के प्रयासों से ही रहा जा सकता है। जगत के व्यवहार में भी आप कुशलतापूर्वक रहे लेकिन ईश्वर में प्रेम निरंतर प्रगाढ़ होते रहना चाहिए। केवल प्रेम ही राम को प्रिय है। वह राम का स्वरूप भी है, कृष्ण जी का भी स्वरूप है और इसीलिए निर्मल प्रेम ही अलौकिक है।

महाराज श्री ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए झूमते नजर आए। इस आयोजन के मुख्य यजमान एवं विधायक भूपेंद्र सिंह जी ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया और राज्य के मंत्री राकेश सिंह एवं सागर के विधायक शैलेन्द्र जैन ने भगवान की आरती उतारी। तत्पश्चात युवा नेता अविराज सिंह ने शिवतांडव स्त्रोत को कंठस्थ सस्वर सुनाया।



### पांच दिवसीय कॅरियर मेले का हुआ समापन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा में पांच दिवसीय केरियर मेला का समापन बुधवार के दिन हुआ। इस अवसर पर एडवोकेट महेंद्र शर्मा उपस्थित रहे, केरियर मेले में प्रत्येक दिन अलग-अलग फील्ड के केरियर काउंसलर एडवोकेट,ब्यूटीशियन इंजीनियर एवं फार्मासिस्ट द्वारा छात्रों को विभिन्न कोर्सों एवं करियर संबंधी जानकारी दी गई साथी शासन द्वारा भेजी गई लिंक द्वारा ऑनलाइन भी छात्रों के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग कराई गई। इस अवसर पर प्राचार्य हरिशंकर सोनी सहित विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय कि छात्राऐ मौजूद रही।

### दुगाहकला में शराब और गांजे की बिक्री व सेवन पर ग्रामीणों ने लगाया प्रतिबंध

**खुरई।** शनिवार को मालथौन तहसील के दुगाहाकला गांव को नशामुक्त बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में सर्वसमाज ने बैठक कर नशाबंदी का निर्णय लिया। अब गांव की सीमा के भीतर शराब, गांजा या किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की न तो बिक्री होगी और न ही कोई इनका सेवन करेगा। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि कोई व्यक्ति गांव में नशीले पदार्थ बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उसे 5100 रुपए का जुर्माना देना होगा। वहीं गांव में नशा का सेवन करते पाए जाने पर 2100 रुपए के दंड का प्रावधान रहेगा। गांव वालों का कहना है कि नशे के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा था और आर्थिक नुकसान भी हो रहा था। इस फैसले से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और इसे सामाजिक बुराई के खिलाफ एक बड़ी जीत माना जा रहा है।बैठक में उपस्थित सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. राजेश पटैरिया, करणी सेना जिला अस्पताल बृजेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी ग्रामवासियों को नशा नहीं करने एवं गांव में नशे का व्यापार नहीं करने देने की शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप

### कुशवाहा समाज ने किया प्रभारी बीईओ का सम्मान

**सिलवानी।** शासकीय उमावि तुलसीपार के प्रभारी प्राचार्य रुपेंद्र सिंह ठाकुर को प्रभारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी बनाए जाने पर कुशवाहा समाज ने खुशी का इजहार किया तथा संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित कर नवागत प्रभारी बीईओ रुपेंद्र सिंह ठाकुर का फूल मालाओं से स्वागत किया व जिला शिक्षा अधिकारी का आभार माना। सम्मान कार्यक्रम में बलराम कुशवाहा, नर्वदा कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, लखन कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, रूपेश कुशवाहा, धर्मदास कुशवाहा सहित अन्य मौजूद रहे।

### सत्ती टोला में संकल्प से समाधान शिविर लगा

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत अंबाड़ी के सत्ती टोला गांव में शनिवार को संकल्प से समाधान शिविर लगा। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शिविर में कुल 40 आवेदन आए। इनमें से 30 का मौके पर ही समाधान कर दिया। इससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। बाकी 10 आवेदनों पर काम जारी है। संबंधित विभागों ने एक सप्ताह में समाधान का भरोसा दिया है। इससे पहले शुक्रवार को भी अंबाडी पंचायत में शिविर हुआ था। उस दिन 126 आवेदन मिले थे। इनमें से 110 का तत्काल निराकरण किया गया। बाकी आवेदनों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### खेल स्टेडियम में आठों विधानसभा क्षेत्र की टीमों में हुए मुकाबले, दर्शकों ने बढ़ाया उत्साह

# खेल महाकुंभ में पहले दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दम, समापन आज, रविंद्र जडेजा होंगे शामिल

विगत एक माह से चल रहे सांसद खेल महोत्सव समापन के प्रथम दिवस के अवसर पर स्थानीय खेल स्टेडियम में सांसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं से आए खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाया। वहीं खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सांसदीय क्षेत्र के दिग्गज उपस्थित रहे। मैदान को रोशन करने 6 बड़े हैलोजन टावर लगाए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महोत्सव के पहले दिन रविवार को क्रिकेट और कबड्डी के कुल 20 नॉकआउट और सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल मुकाबले सोमवार को आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्तिकेय चौहान ने दीप प्रज्वलन कर किया। शुभारंभ अवसर पर कार्तिकेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। मैदान में खेल भावना और जोश का माहौल देखने को मिला।

विदिशा सांसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभाओं के लगभग 428 खिलाड़ी समापन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। भव्य आयोजन को देखने सांसदीय क्षेत्र के खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा सभी आगंतुकों के बैठने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद रहा। सोमवार को प्रतियोगिता के फायनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें जो टीम प्रथम स्थान प्राप्त करेगी उसे दो लाख 51 हजार रुपए का पुरस्कार तथा द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को दो लाख रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

समापन अवसर पर क्रिकेटर रविंद्र जडेजा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ साथ प्रदेश एवं देश के कई दिग्गज मौजूद रहने की संभावना है। समापन के पहले दिन भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विधायक रमाकांत भार्गव, सुरेंद्र पटवा, डॉ प्रभुराम चौधरी, रामपाल सिंह, रवि मालवीय, राकेश जादोन, यशवंत मीणा, सविता जमना सेन सहित अनेक जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।



पहला मैच - विदिशा 6 विकेट से जीता बनाम गंजबासोदा
दूसरा मैच - सांची 5 विकेट से जीता बनाम भोजपुर
तीसरा मैच - बुधनी 8 रन से जीता बनाम इछावर
चौथा मैच - सिलवानी 47 रन से जीता बनाम खातेगांव
पांचवां मैच - बुधनी गर्ल्स 38 रन से जीती बनाम गंजबासोदा



### आज आएंगे शिवराज, जडेजा



कार्यक्रम में 2 फरवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे। वहीं, युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिए विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी रविंद्र जडेजा भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जडेजा की उपस्थिति स्थानीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होगी।

### जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने डाली गेंद, कार्तिकेय ने लगाया शॉट

मैच के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने गेंदबाजी की, जबकि कार्तिकेय चौहान ने बल्लेबाजी करते हुए तीसरी गेंद पर जोरदार शॉट लगाया, जिस पर दर्शकों ने तालियों से उनका अभिवादन किया। इसके पश्चात कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्तिकेय चौहान ने कबड्डी खिलाड़ियों से भी परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन कबड्डी मैच विदिशा और भोजपुर की टीमों के बीच खेला गया।

### खिलाड़ियों को मिले राष्ट्रीय स्तर पर पहचान : कार्तिकेय



समापन अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह के सुपुत्र कार्तिकेय चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि विदिशा संसदीय क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने इस महोत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, हमारा लक्ष्य युवाओं को न केवल खेल के अवसर प्रदान करना है, बल्कि उन्हें अनुशासन और टीम वर्क की शिक्षा देना भी है। वहीं आज कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहेंगे। साथ ही क्रिकेटर रवींद्र जडेजा भी विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

# निराला समिति की बैठक में अभा हास्य कवि सम्मेलन पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 30 वर्षों से निराला साहित्य जन कल्याण समिति द्वारा होली रंग पंचमी पर अ.भा. कवि सम्मेलन आयोजित किए जाने की परंपरा बनी हुई है। समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ के निवास पर समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में होली का हुड़दंग कवियों के संघ अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन मार्च माह की 7 या 8 तारीख को आयोजित करने एवं कवि सम्मेलन में कवियों से संपर्क के लिए प्रेम नारायण साहू एवं सईद पठान को जिम्मेदारी सोंपी गई।




निराला समिति द्वारा आयोजित अ.भा. हास्य, श्रृंगार कवि सम्मेलन में क्षेत्र के विधायक राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेगी। बैठक मे पिछले वर्ष 2025 में समिति द्वारा किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। बैठक में संरक्षक सुरेश बिदुआ, समिति अध्यक्ष साहब ङ्कषसह धाकड़ , उपाध्यक्ष भगवान सिंह राठी, सचिव अवध नारायध सक्सेना, सईद पठान, नरेश जैन, अनूप जैन, कवि प्रेम नारायण साहू इत्यादि की उपस्थिति रही।

# 45वें महायज्ञ का वैदिक मंत्रों के साथ समापन

## लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में गूंजा 'श्रीराम' का जयघोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

आस्था और अध्यात्म का केंद्र सिद्ध धाम सिहोरा में आयोजित 45वां महायज्ञ रविवार को पूर्णाहूति के साथ संपन्न हो गया। पिछले कई दिनों से चल रहे इस धार्मिक अनुष्ठान ने समूचे क्षेत्र को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। समापन पर जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि धाम जाने वाले सभी मार्ग श्रद्धालुओं से पटे नजर आए।

महायज्ञ का संचालन प्रख्यात यज्ञाचार्य श्री राघवाचार्य, श्री राघव शरण द्विवेदी के सानिध्य में हुआ। उनके कुशल आचार्यत्व में विद्वान ब्राह्मणों की टोली ने वेदमंत्रों और आहुतियों के माध्यम से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। यज्ञशाला की परिक्रमा करने के लिए सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं।

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ यहाँ एक विशाल मेले का भी आयोजन किया गया था। प्रशासन और आयोजन समिति के अनुसार, समापन तक लाखों की संख्या में भक्तों ने दर्शन किए। केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों और दूर-दराज के जिलों से भी बड़ी संख्या में लोग अपने परिवारों के साथ पहुंचे। मेले में बच्चों के लिए झूले, खान-पान के स्टॉल और विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियाँ लगाई गई थीं।



### भंडारे के साथ हुआ समापन

महायज्ञ की पूर्णाहूति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि यह 45वां वर्ष था और प्रतिवर्ष इस आयोजन की भव्यता बढ़ती जा रही है, जो लोगों की अटूट आस्था का प्रमाण है।

### कथा ने कराया भक्ति का रसपान

यज्ञ के समानांतर आयोजित श्रीराम कथा इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण रही। कथावाचकों ने प्रभु श्री राम के आदर्शों और उनके जीवन प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। कथा पांडाल में मौजूद श्रद्धालु भजनों पर झूमते और श्री राम जय राम, जय जय राम के नारे लगाते देखे गए, जिससे पूरा माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम अण्डोल बहेड़ प.ह.नं. 26/52 तहसील व जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा क्रमांक 31/1 रकबा 2.072 हेक्टेयर बराबर (5.12) एकड भूमि जो राजस्व प्रपत्रो में घासीराम पुत्र जमना प्रसाद निवासी ग्राम अण्डोल बहेड तहसील व जिला रायसेन के नाम स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है, जिसको क्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र करके टोकन राशि का भुगतान कर दिया है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी या गैर सरकारी सोसायटी बैंक अथवा अन्य किसी का उक्त भूमि से कोई लेन, देन ऋण अथवा रहन, बंधक आदि हो तो वह 7 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में 11 बजे से 5 बजे शांम तक प्रस्तुत कर आपत्ति का निराकरण करालें अन्यथा बाद गुजर जाने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मेरा पक्षकार अनुबंध के अनुसार भूमि क्रय कर विक्रय-पत्र अंकित व रजिस्ट्री करा लेगा तथा विधिवत नामांतरण कराने का अधिकारी हो जावेगा। ताकीद जाने।

भवदीय **मसरूर कमाल** एडवोकेट
जिला न्यायालय के सामने सॉची रोड रायसेन
जिला रायसेन म.प्र. मो.नं. 9926331377

